बुधवार
15 अप्रैल 2026
● देहरादून
● वर्ष 34
● अंक 81
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

34 साल से देहरादून का विश्वास

# दून वैली मेल

सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. : 59626/94 email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

# स्कूलों की लूट के खिलाफ हल्ला बोल!

## ❑डीएम कार्यालय पर अभिभावकों का प्रदर्शन

संवाददाता

देहरादून। स्कूलों पर शुल्क वृद्धि का आरोप लगाते हुए अभिभावकों ने जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा।

आज यहां काफी संख्या में अभिभावक जिलाधिकारी कार्यालय पर एकत्रित हुए। जहां पर उन्होंने प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। उनका कहना था कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए स्कूल प्रशासन ने प्रारम्भ में स्कूल शुल्क में 30-40 प्रतिशत की वृद्धि की। अभिभावकों के कडे विरोध के बाद, प्रशासन ने वृद्धि को घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया और जिला प्रशासन को लिखित में आश्वासन दिया कि अगले तीन वर्षों तक शुल्क में कोई वृद्धि नहीं होगी। हालांकि शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विद्यालय प्रशासन ने शैक्षणिक सत्र शुरू होने से पहले ही स्कूल शुल्क में 10 प्रतिशत से अधिक (कुछ कक्षाओं में 20 प्रतिशत से अधिक) की वृद्धि कर दी है। उन्होंने कहा कि अभिभावकों द्वारा आपत्ति जताए जाने के बाद विद्यालय प्रशासन ने 4000 प्रति तिमाही के 'गतिविधि शुल्क' नामक नया मद लागू किया जिससे अभिभावकों पर कुल वित्तीय बोझ अप्रत्यक्ष रूप से बढ गया। उन्होंने कहा कि गहन विश्लेषण से पता चलता है कि ये गतिविधि शुल्क पूर्व में लिए जाने वाले वार्षिक शुल्क और शिक्षण शुल्क में वृद्धि के बराबर है, जो अप्रत्यक्ष रूप से शुल्क वृद्धि को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा हाल ही में किए गये निरीक्षण के दौरान, कई अभिभावकों को बैठक के दौरान विद्यालय परिसर में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी गयी।




विद्यालय प्रशासन ने दावा किया कि वह व्यक्ति बाहरी थे जो गडबडी पैदा करने और विद्यालय को बदनाम करने की कोशिश कर रहे थे, जबकि वास्तव में वे छात्रों के वास्तविक अभिभावक थे जो शुल्क वृद्धि का विरोध कर रहे थे। विद्यालय प्रशासन की ऐसे कार्रवाई अनुचित है और अभिभावकों को अनावश्यक रूप से परेशान करती है। उन्होंने जिलाधिकारी से इस मामले में हस्तक्षेप कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की।

# मन्दिर के सेवादार का हत्यारा गिरफ्तार

## ❑हत्या व चोरी में प्रयुक्त हथोड़ा, पेचकश व चुराया गया सामान बरामद

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। मन्दिर के सेवादार की हत्या का खुलासा करते हुए पुलिस ने हत्यारोपी ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है। हत्या की यह वारदात चोरी की घटना को अंजाम देने के लिए नशे में की गयी थी। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चुराया गया माल भी बरामद किया है।

जानकारी के अनुसार बीती 12 अप्रैल को लक्सर के भोगपुर स्थित मंदिर में कार्य करने वाले राजवीर की किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा हत्या कर दी गई। सूचना पर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस टीम व फील्ड यूनिट टीम ने मौके पर मौजूद वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्रित किए तथा घटनास्थल का मुआयना किया। मामले के संबंध में कोतवाली लक्सर पर मुकदमा दर्ज किया गया। इसके साथ ही पुलिस को पता चला कि घटनास्थल के पास ही स्थित अन्य मन्दिर से एम्पलीफायर चोरी हुआ है। जिस पर पुलिस ने दोनो मामलों की जांच शुरू कर दी गयी। जांच के दौरान कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने भागने की फिराक में तैयार घटना के एक संभावित संदिग्ध को दबोचकर उसके कब्जे से हथोड़ी, पेचकस व मन्दिर से चोरी किये इन्वर्टर तथा एम्पलिफायर बरामद किए। पूछताछ में उसने अपना नाम विशाल चौधरी पुत्र परविन्दर कुमार निवासी अलमासपुर गली न. 02 कुंज विहार कालोनी थाना नई मंडी जिला मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश बताया। बताया कि वह पेशे से ड्राईवर है और शराब पीने का आदी है। 11 अप्रैल को वह



अपने मुज्जफरनगर स्थित किराये के मकान से काम की तलाश में कनखल में ट्रेवल एजेंट के पास आया और शाम को भोगपुर में शिव मन्दिर के निकट रहने वाली अपनी मौसी के घर पर रुका। रात वह शराब के नशे में चोरी छिपे पेचकस और हथोडा लेकर नजदीकी वाले मन्दिर में पहुंचा जहां मन्दिर का ताला तोड़ने के दौरान मन्दिर के बाहर खाट पर सोया बुजुर्ग जाग गया और वह चिल्लाकर आरोपी को पकडने लगा। बचने के गरज से आरोपी ने पहले बुजुर्ग व्यक्ति के सिर पर हथोड़े से वार कर उसे गंभीर रुप से घायल किया और फिर पहले मन्दिर के अन्दर से चढावे के करीब 200 रूपये और एक इनवेटर और फिर बगल वाले मन्दिर से एक एम्पलीफाईर चोरी कर ले गया। आरोपी ने ये भी बताया कि वह इसके बाद चोरी किया सामान वही आस-पास छुपाकर वापस चुपचाप अपनी मौसी के घर जा कर सो गया। सुबह जब चारों तरफ पुलिस की गतिविधिया व सतर्कता को दिखी तो वह डर के मारे बिना चोरी के सामान के सुबह मुजफ्फरनगर चला गया। कल वह उक्त सामान को लेने के लिए आज टांडा भागमल क्षेत्र में आया था जहाँ सामान के साथ पुलिस टीम के हत्थे चढ़ गया।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# पर्यटन राज्य बनने की तैयारी

उत्तराखंड राज्य बनने से लेकर अब तक इस पर्वतीय राज्य के स्वरूप और आर्थिकी आधार को लेकर तमाम तरह की चर्चाएं होती रही है कोई इसे पर्यटन राज्य तो कोई इसे ऊर्जा प्रदेश बनाने की परिकल्पना करता रहा है। अब तक तमाम सरकारों ने इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की है जो सरकारें राज्य की एक राजधानी जैसे मुद्दे पर फैसला नहीं कर पाई वह इस अत्यंत महत्वपूर्ण मुद्दे पर फैसला लेती उनसे इसकी उम्मीद भी क्या करनी थी लेकिन समय के साथ स्थितियां बदली और अब यह राज्य धीरे-धीरे एक पर्यटन राज्य के रूप में विकसित होना शुरू हो गया है। देहरादून दिल्ली के बीच बने एक्सप्रेसवे के लोकार्पण के समय केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने अपने संबोधन में साफ-साफ कहा है कि यह केवल एक आर्थिक गलियारा नहीं है। इस एक्सप्रेसवे से राज्य के पर्यटन और रोजगार के सारे विकास के नए रास्ते खुलेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य में प्रस्तावित दो रोपवे जिस दिन पूरे हो जाएंगे तथा दून से मसूरी के लिए एक और नया सड़क मार्ग बन जाएगा विकास की गति और अधिक हो जाएगी। इसमें कोई दो राय नहीं है कि देश-विदेश से देहरादून आने वाले पर्यटकों को इस एक्सप्रेसवे से दून तक पहुंचना अति सरल और सुखद हो जाएगा वहीं उत्तर प्रदेश तथा हरियाणा और हिमाचल जाने आने का रास्ता भी सुलभ हो जाएगा क्योंकि यह एक्सप्रेसवे कई अन्य नेशनल तथा प्रमुख मार्गो से जुड़ा हुआ है। इस एक्सप्रेसवे के बारे में भले ही इस समय कई तरह की बातें की जा रही हों लेकिन इस एक्सप्रेसवे का लोकार्पण ऐसे समय में हुआ है जब चार धाम यात्रा का आगाज होने जा रहा है तथा हरिद्वार में महाकुंभ मेले की तैयारी शुरू हो चुकी है। बड़ौत, बागपत, सहारनपुर और शामली के रास्ते दिल्ली अक्षरधाम तक जाने वाले इस कॉरिडोर के शुरू होने से दिल्ली-दून की दूरी भले ही 22 किलोमीटर कम हुई हो लेकिन समय की बचत अधिक फायदेमंद होगी क्योंकि अभी तक दिल्ली का यह सफर चार से पांच घंटे में पूरा होता था जो अब मात्र ढाई घंटे में पूरा होगा। हालांकि इस पर बने छह टोल टैक्स आने-जाने वाले लोगों की जेबें ढीली कर सकते हैं इस रोड पर बने टोल टैक्स कार सवार लोगों से एक तरफ के 600 रूपये तथा एक ही दिन में वापसी करने वालों से 1000 रूपये टोल वसूलेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मानना है कि हर आदमी के हाथों की रेखाओं में उसका भविष्य छिपा होता है ठीक वैसे ही सड़कों में किसी भी राज्य के विकास का राज्य निहित होता है, उन्होंने प्रधानमंत्री बनने से पूर्व ही ऑल वेदर रोड के निर्माण की जो घोषणा की थी उसे धरातल पर उतारने के बाद चार धाम यात्रियों की संख्या में भारी बढ़ोतरी हुई है। हेमकुंड साहिब में भी अब पहले से डेढ़-दो गुने श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। देखना होगा कि रोपवे बने के बाद पर्यटकों की संख्या में कितना इजाफा होता है लेकिन यह तय है कि कर्णप्रयाग-ऋषिकेश रेलवे लाइन और केदारनाथ व हेमकुंड साहिब रोपवे बनने के बाद उत्तराखंड राज्य एक टूरिस्ट स्टेट के रूप में ही स्थापित होने की तैयारी कर चुका है जिसमें दून-दिल्ली एक्सप्रेसवे की अहम भूमिका रहेगी।

# बाबा साहेब संविधान निर्माता ही नहीं, बल्कि सशक्त लोकतंत्र के स्तंभ थेः थापर

संवाददाता

देहरादून। कांग्रेस प्रवक्ता अभिनव थापर ने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर केवल संविधान निर्माता ही नहीं, बल्कि सशक्त लोकतंत्र के स्तंभ थे।

आज यहां शास्त्री नगर, कॉंवली स्थित अंबेडकर पार्क में डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान डॉ. भीमराव अंबेडकर महासभा द्वारा बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तराखंड कांग्रेस के प्रवक्ता अभिनव थापर उपस्थित रहे। उन्होंने माल्यार्पण कर बाबा साहेब को नमन किया तथा समिति के सदस्यों के साथ केक काटकर जयंती मनाई तथा बच्चों को केक खिलाकर खुशियाँ साझा कीं।



इस अवसर पर अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर केवल संविधान निर्माता ही नहीं, बल्कि सशक्त लोकतंत्र के स्तंभ थे। उनके विचारों और संघर्षों के कारण ही आज भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र बना है। उन्होंने सभी से बाबा साहेब के आदर्शों को अपनाने और सामाजिक समानता के लिए कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कांग्रेस प्रवक्ता अभिनव थापर, डॉ. भीम राव अम्बेडकर महासभा के अध्यक्ष प्रमोद कुमार, अवधेश कुमार, संजय कुमार, अनिल कुमार, जितेंदर, जोगिंदर सिंह सहित क्षेत्र की महिलाओं एवं बच्चों ने हर्षोल्लास के साथ भाग लिया।

# 'चुनावी रण' के लिए भाजपा ने दिखाई 'ताकत'

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। चुनावी साल में राजनीतिक गलियारे में उमड़ा जनसैलाब भाजपा के लिए संजीवनी का काम करेगा। यह हम नहीं राजनैतिक विशेषज्ञ कह रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि राजनीतिक दल किसी न किसी बहाने अपनी ताकत दिखाने में लगे रहते हैं और इसमें भाजपा ने हाथ मार लिया है। दून में आयोजित पीएम के कार्यक्रम के बहाने भाजपा ने प्रमुख विपक्षी कांग्रेस को यह संदेश दे दिया है कि भाजपा पूरे जोश-खरोस के साथ चुनावी रण में उतरेगी।

बता दें कि चुनावी साल में भाजपा विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश में अपने पक्ष में माहौल बनाना चाहती है। इसके लिए पार्टियों में कंपटीशन लंबे समय से शुरू हो जाता है। भाजपा ने भी इसी रणनीति के तहत अपनी राजनैतिक चाल चलनी शुरू कर दी है।

यही कारण है कि भाजपा ने दो माह में उत्तराखंड में तीसरी बड़ी सभा कर बड़ा संदेश दिया है। भाजपा ने प्रदेश में अभी तक हरिद्वार में गृह मंत्री अमित शाह की जनसभा फिर हल्द्वानी में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की सभा आयोजित कर कांग्रेस को स्पष्ट संदेश दे दिया है कि प्रदेश में भाजपा के पक्ष में आम



❑भाजपा पूरे जोश-खरोस के साथ उतरेगी चुनावी रण में का संदेश
❑दो माह में भाजपा ने उत्तराखंड में आयोजित की तीसरी बड़ी सभा
❑सभी नेताओं को एक मंच पर खड़ा कर अपनी एकजुटता दिखाई

जनमानस खड़ा है। चुनावी साल में भाजपा के लिए प्रदेश में बड़े नेताओं की सभाओं का सिलसिला शुरू हो गया है और यह चुनावी घोषणा तक लगातारी जारी रहने की संभावना है।

भाजपा प्रदेश में डबल इंजन की सरकार को लंबे समय से प्रचारित करती रही है और इसके लिए केंद्र से बार-बार प्रदेश के लिए बजट मिलना डबल इंजन की सरकार को दिखाता है। भाजपा चुनावी साल में कोई कोर कसर छोड़ना नहीं चाहती है और इसके लिए अभी से बड़ी सभाओं का आयोजन करने के साथ-साथ भले ही पार्टी के अंदर जो भी मनमुटाव हो उसे सार्वजनिक करने से बच रही है। शायद यही कारण रहा कि भाजपा ने पीएम की रैली में एकजुटता का संदेश देने के लिए अपने नेताओं को एक मंच पर खड़ा कर अपनी एकजुटता दिखाई।

भाजपा का स्पष्ट संदेश था कि पार्टी में कोई भेदभाव नहीं है और सभी एकजुट है। दून में पीएम के कार्यक्रम में मंच पर बड़ी संख्या में पूर्व मुख्यमंत्रियों, वर्तमान सांसदों, कैबिनेट मंत्रियों के साथ-साथ राज्य के सभी छोट-बड़े नेताओं को खड़ा कर संदेश दिया है कि भाजपा की ताकत एकजुटता के साथ आगामी विधानसभा चुनाव में कूदेगी।

वही राजनैतिक विशेषज्ञों की माने तो दून में पीएम मोदी के कार्यक्रम के बहाने भाजपा ने अपनी ताकत भी दिखाई है। राजधानी के चप्पे-चप्पे पर भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं की मौजूदगी से पीएम भी खुश नजर आये। यह कहे कि पीएम मोदी भी राजधानी में 12 किलोमीटर लंबे राजनीतिक गलियारे में उमड़े जनसैलाब से राज्य की राजनीति के साथ ही जनता का मिजाज भी भांप गए। उन्होंने मंच से देरी का जिक्र करते हुए इसकी तस्दीक भी की। इससे एक ओर जहां कांग्रेस धराशायी नजर आ रही है। दूसरी ओर भाजपा गदगद दिख रही है।

## मारपीट कर दांत तोडा

संवाददाता

देहरादून। मारपीट कर दांत तोडने के मामले में पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार खुडबुडा मौहल्ला निवासी अमृत ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसके पडोस में रहने वाले जसप्रीत सिंह व गुरूसेवक सिंह उसके पास आये और उसके साथ गाली गलौच करने लगे। उसने जब उनका विरोध किया तो उन्होंने उसके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। जिससे उसका दांत टूट गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## मीन मेख वाली कांग्रेस को विकास की आदत डालनी होगीः भट्ट

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने ऐतिहासिक सौगात पर भी मीन मेख निकालने वाली कांग्रेस को नसीहत दी कि अब उनको भी उस विकास की आदत डाल लेनी चाहिए जिसे जनता अनुभव कर रही है।

उन्होंने कांग्रेस नेताओं द्वारा मीन मेख निकालने पर कटाक्ष किया कि उन्हें अब विकास को देखने और उसके साथ जीने की आदत डाल लेनी चाहिए। हर मुद्दे पर छपास के रोग वाली राजनीति उचित नहीं, जो सड़क या विकास योजनाएं बनी हैं, उसका लाभ सबको मिलेगा कांग्रेसियों को भी। वहीं तंज किया कि चंद कांग्रेस नेताओं के आंख मूंदने से सच्चाई नहीं छिप सकती है। आज विकास और जनकल्याण की योजनाओं को आम लोग अनुभव कर रहे हैं, उसका लाभ ले रहे हैं। ऐसे में झूठ एवं भ्रम फैलाने से स्वयं कांग्रेस नेताओं की विश्वसनीयता शून्य होती जा रही है। प्रदेश की जनता को पीएम मोदी और सीएम धामी की नीतियों और नीयत पर पूरा भरोसा है।

# एसबीएस कॉलेज में 10 दिवसीय ड्रोन प्रशिक्षण कार्यशाला प्रारम्भ

हमारे प्रतिनिधि

रुद्रपुर। सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रुद्रपुर में एन.सी.सी. की 10 दिवसीय ड्रोन ट्रेनिंग कैप्सूल कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। 13 अप्रैल 2026 से 22 अप्रैल 2026 तक चलने वाले इस ड्रोन प्रशिक्षण कार्यक्रम में उत्तराखण्ड एयर एन.सी.सी. पंतनगर के 10 सीनियर डिवीजन कैडेट्स एवं 78 उत्तराखंड वाहिनी हल्द्वानी के 10 सीनियर डिवीजन एनसीसी कैडेट्स प्रतिभाग कर रहे हैं। यह ड्रोन प्रशिक्षण कार्यक्रम कमांडिंग ऑफीसर उत्तराखण्ड एयर स्क्वाड्रन एन.सी.सी. ग्रुप कैप्टन विवेक रावत जी के निर्देशन एवं संरक्षण में किया जा रहा है।

कार्यक्रम का शुभारम्भ एयर विंग सी.टी.ओ. डॉ अलंकृता सिंह एवं 78वीं उत्तराखण्ड बटालियन एन.सी.सी. की ए.एन.ओ. डॉ निमिता कन्याल की मौजूदगी




में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.अवधेश नारायण सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य महोदय ने कैडेट्स को ड्रोन के तकनीकी को लगन से सीखने हेतु प्रेरित किया।

ड्रोन प्रशिक्षण कार्यक्रम के औपचारिक उद्घाटन के पश्चात एयर विंग सीपीएल सहदेव एवं सीपीएल मनोज कार्की ने कैडेट्स को 10 दिवसीय कार्यक्रम की रूपरेखा बताते हुए ड्रोन के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी जानकारी प्रदान की। इस ड्रोन प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. दीपा वर्मा, प्रो.आशा राणा, प्रो. रवीन्द्र कुमार सैनी, प्रो. हेमलता सैनी,प्रो. शलभ गुप्ता, प्रो.मनोज पांडे, डॉ. विकार हसन खान, डॉ. अपर्णा सिंह, एवं डॉ. प्रद्युम्न कुमार रिछारिया ने उपस्थित होकर प्रशिक्षणार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

# फाइलों में कैद भटवाड़ी केंद्रीय विद्यालय, पलायन को मजबूर सीमांतवासी

नई टिहरी(आरएनएस)। सीमांत विकासखंड भटवाड़ी में केंद्रीय विद्यालय खोलने की मांग पिछले एक दशक से लगातार उठ रही है लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई है। स्थानीय लोगों ने इस पर नाराजगी व्यक्त की है। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और अभिभावकों का कहना है कि वर्ष 2014-15 से इस संबंध में शासन-प्रशासन के स्तर पर लगातार पत्राचार और प्रस्ताव भेजे जा रहे हैं बावजूद इसके मामला फाइलों तक ही सीमित है।

केंद्रीय विद्यालय की मांग को लेकर लंबे समय से संघर्षरत स्थानीय निवासी केशव नौटियाल का कहना है कि भटवाड़ी जैसे सुदूर और चीन सीमा से सटे क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण अंग्रेजी माध्यम शिक्षा के अभाव के कारण अभिभावकों को बच्चों को पढ़ाई के लिए शहरों की ओर भेजना पड़ रहा है। इससे क्षेत्र में पलायन की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। राजेश रतूड़ी, अनिल रतूड़ी का कहना है कि लगभग 44 ग्राम सभाएं आती हैं और बड़ी संख्या में सेना व अर्द्धसैनिक बलों के परिवार भी निवास करते हैं जिन्हें केन्द्रीय विद्यालय की सख्त आवश्यकता है। केन्द्रीय विद्यालय संगठन की ओर से विद्यालय संचालन के लिए अस्थायी व्यवस्था के लिए भवन मरम्मत, कक्ष-कक्षों के रंग रोगन और जर्जर आवासीय भवनों के ध्वस्तीकरण के लिए करीब 1.48 करोड़ रुपये का प्रस्ताव भी पूर्व में भेजा जा चुका है लेकिन धनराशि स्वीकृत नहीं हो सकी।

# सड़क पर बिछ रहा डामर उखड़ता जा रहा

चमोली(आरएनएस)। तहसील जिलासू के अंतर्गत रानों-क्वींठी मोटर मार्ग पर किए जा रहे डामरीकरण का ग्रामीणों ने विरोध किया। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क पर एक ओर डामर बिछाया जा रहा है तो पीछे से डामर उखड़ता जा रहा है। विभाग की ओर से अभी सड़क किनारे नालियां नहीं बनाई गई हैं साथ ही दीवारें, पैराफिट आदि का निर्माण भी नहीं किया गया है।

रानों-क्वींठी मोटर मार्ग पर 10 किमी सड़क पर पीएमजीएसवाई की ओर से डामरीकरण का कार्य किया जा रहा है लेकिन विभाग की ओर से किए जा रहे डामरीकरण पर ग्रामीणों ने असंतोष जताया। जयेश रावत, ग्राम प्रधान मुकेश सिंह, कल्याण सिंह रावत, नीरज कंडारी, विजेंद्र रावत ने कहा कि विभाग को पहले सड़क किनारे नाली बनानी चाहिए। यहां मलबे के उपर ही डामर बिछाया जा रहा है जो बिछाने के बाद ही उखड़ता जा रहा है। वहीं कई जगहों पर दीवारें भी नहीं बनाई गई हैं। ग्रामीणों ने विभाग से मार्ग पर गुणवत्तापूर्वक डामर बिछाने की मांग की। वहीं पीएमजीएसवाई के अवर अभियंता नंदन रावत ने कहा कि विभाग की ओर से गुणवत्तापूर्वक डामर बिछाया जा रहा है। फिर भी ठेकेदार को निर्देशित किया जाएगा।

# बिजली, पानी के लिए तेजी से किया जा रहा काम

चमोली(आरएनएस)। बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने में चंद दिन शेष रह गए हैं। ऐसे में प्रशासन धाम में यात्रा व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में जुट गया है। धाम में सभी कार्यों को तेजी से कराया जा रहा है। चारधाम यात्रा के दौरान बदरीनाथ में विद्युत व्यवस्था, पेयजल लाइन व रास्तों के सुधारीकरण का कार्य चल रहा है। साकेत चौराह से मंदिर तक जाने वाले पैदल मार्ग को ठीक करने का काम तेजी से किया जा रहा है।

मास्टर प्लान के कार्यों के चलते पैदल मार्ग क्षतिग्रस्त हो गए थे। इन दिनों यहां यात्रा व्यवस्था से जुड़े कार्यों पर मशीन, मजदूर व कर्मी लगातार काम कर रहे हैं। उपजिलाधिकारी ने बताया कि धाम में यात्रा व्यवस्था से जुड़े कार्यों को तेजी से पूरा किया जा रहा है। साकेत चौराह से मंदिर वाले मार्ग को दो-चार दिन में ठीक कर दिया जाएगा। कपाट खुलने से पूर्व सभी व्यवस्थाएं चाक चौबंद कर दी जाएंगी।

# रांसी-गौंडार सड़क की तीन किमी तक हुई कटिंग

रुद्रप्रयाग(आरएनएस)। द्वितीय केदार मदमहेश्वर यात्रा मार्ग को सुगम बनाने के लिए रांसी से गौंडार तक पांच किमी सड़क निर्माण कार्य तेजी से जारी है। अब तक करीब तीन किमी सड़क की कटिंग पूरी कर ली गई है जबकि शेष दो किमी कार्य बचा हुआ है।

इस सड़क के बनने से रांसी से गौंडार के बीच पैदल दूरी कम होगी। वहीं मदमहेश्वर जाने वाला पैदल मार्ग भी घटकर लगभग 11 किमी रह जाएगा। ग्राम सभा के पूर्व प्रधान बीरेंद्र सिंह पंवार ने बताया कि सड़क निर्माण के कारण पैदल मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया है जिससे गांव तक खाद्यान्न पहुंचाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क निर्माण का कार्य धीमी गति से चल रहा है। लोनिवि ऊखीमठ के अधिशासी अभियंता राम प्रकाश नैथानी ने बताया कि 2.49 करोड़ रुपये की लागत से इस सड़क का निर्माण किया जा रहा है। प्रयास है कि मद्महेश्वर मंदिर के कपाट खुलने से पहले अधिकांश कार्य पूरा कर लिया जाए। यात्रा शुरू होते ही निर्माण कार्य रोक दिया जाएगा जिससे श्रद्धालुओं को असुविधा न हो। साथ ही पैदल मार्ग को भी दुरुस्त किया जाएगा।

# रानीपोखरी में विधि विवि की मांग ने पकड़ा जोर

ऋषिकेश(आरएनएस)। रानीपोखरी क्षेत्र में प्रस्तावित राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय की स्थापना को लेकर एक बार फिर आंदोलन तेज हो गया है। प्रधान संगठन न्याय पंचायत रानीपोखरी ने एसडीएम डोईवाला को ज्ञापन सौंपकर प्रस्तावित जगह पर विधि विवि स्थापित करने की मांग की। प्रधान संगठन न्याय पंचायत रानीपोखरी के सदस्यों ने डोईवाला तहसील में एसडीएस को ज्ञापन सौंपा। संगठन के अध्यक्ष अनूप चौहान ने कहा कि रानीपोखरी में राष्ट्रीय विधि विवि की स्थापना की घोषणा वर्ष 2019 में तत्कालीन मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत के कार्यकाल में की गई थी। इस दौरान विवि के लिए भूमि पूजन भी किया गया, बावजूद आज तक न तो निर्माण कार्य शुरू हो पाया है और न ही इसकी दिशा में दिशा में कोई ठोस प्रगति हुई है। प्रशासन और सरकार की उदासीनता से जनता में भारी आक्रोश है। यदि शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो संगठन आंदोलन को और तेज करेगा।

डोईवाला ब्लॉक प्रमुख गौरव चौधरी ने कहा कि राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय खुलने से क्षेत्र में शिक्षा, रोजगार और विकास को नई दिशा मिलती, लेकिन वर्षों से मामला लंबित रहने के कारण युवाओं को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। रानीपोखरी के प्रधान सुधीर रतूड़ी ने कहा कि सरकार की यह जिम्मेदारी है कि जिन योजनाओं की घोषणा की जाती है, उन्हें धरातल पर भी उतारा जाए।

विश्वविद्यालय का मामला गंभीर है और इसमें देरी युवाओं के भविष्य के साथ अन्याय है। ज्ञापन सौंपने वाले में लिस्टाबाद ग्राम प्रधान अनिल कुमार, दौलत पेटवाल, नरेंद्र सिंह चौहान, राजेश्वरी रावत, साधना बिष्ट, कविता नेगी, पिंकी, पूर्व ग्राम प्रधान पंकज यादव, प्रकाश बिजल्वाण, जगत राम पैन्यूली, रमेश नौटियाल, योगेश पुंडीर, नरेण दत्त भट्ट विनोद रावत आदि उपस्थित रहे।

## हिमालय क्रांति पार्टी ने ग्रामीणों के साथ किया संवाद

पौड़ी(आरएनएस)। विकासखंड के ग्राम पिसौली में हिमालय क्रांति पार्टी ने ग्रामीणों के साथ बैठक में संवाद किया। इस दौरान विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। इस दौरान ग्रामीणों को पार्टी के विजन एक परिवार एक रोजगार , सशक्त भूकानून, राजधानी गैरसैंण और मूल निवास 1950 के बारे में जानकारी दी।

पिसौली में आयोजित बैठक में हिमालय क्रांति पार्टी के प्रदेश महासचिव डा. दिनेश सिंह बिष्ट ने कहा कि पार्टी राजनीति के बजाए धरातल पर कार्य करने पर विश्वास करती है। कहा कि अभी डीयू में प्रवेश चल रहे हैं। यदि किसी का बच्चा वहां एडमिशन चाहता है और उसके इंट्रेंस एग्जाम की कोचिंग चाहता हो तो पार्टी दिल्ली में फ्री कोचिंग दे रही है।

उत्तराखंड में अविवाहित युवाओं की बढ़ती संख्या पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य के अंदर वर्तमान में 40 वर्ष की उम्र पार कर चुके ऐसे युवाओं की संख्या लगभग 60 हजार तक पहुंच गई है। यदि ऐसे युवाओं का विवाह नहीं हो पाता है तो भविष्य में भारी जनसांख्यिकीय असंतुलन बढ़ जाएगा और उत्तराखंड धीरे- धीरे मूल उत्तराखंडी लोगों से मुक्त होकर बाहरी राज्यों के निवासियों से युक्त हो जाएगा।

इस मौके पर जिला महासचिव पपेंद्र सिंह रावत, पिसौली महिला समूह की लक्ष्मी देवी, नगर महासचिव विपिन कुकरेती, नगर कार्यालय प्रभारी कुलदीप सिंह, देवेंद्र सिंह गुसाईं, कृष्ण लाल, राजेंद्र लाल, लक्ष्मी, प्रिया, धनेश्वरी आदि शामिल रहे।

# यात्रा से ऐन पहले क्यों खोद डाली सड़क?

ऋषिकेश(आरएनएस)। चारधाम यात्रा रूट के हरिद्वार बाईपास मार्ग को निर्माण एवं अनुरक्षण इकाई गंगा ने सीवर लाइन बिछाने के लिए खोद दिया। यात्रा से ठीक पहले हुई इस खुदाई के बाद सड़क और फुटपाथ को मिट्टी से तो भर दिया गया, लेकिन यह अस्थायी मरम्मत टिकाऊ साबित नहीं हो रही है। कई जगह सड़क धंस रही है, जबकि दिनभर उड़ने वाली धूल से वाहन चालकों और आसपास के दुकानदारों को सांस लेने में भी परेशानी हो रही है। खास बात यह है कि खुदाई से बदहाल स्थिति में पहुंच चुकी सड़क पर संकरे गौरा देवी चौक पर अब ट्रैफिक भी फंस रहा है। हरिद्वार से मुनिकीरेती और पहाड़ की तरफ बढ़ने वाला ट्रैफिक गौरा देवी चौक तक पहुंचने से पहले ही जाम में फंस रहा है। चौराहे पर नगर क्षेत्र से तहसील, बिजली, खाद्य पूर्ति, सब रजिस्ट्रार, कोर्ट, सीओ कार्यालय, आबकारी और उपकोषागार कार्यालय तक आने-जाने में वाहन सवार स्थानीय लोगों को भी आधा-आधा घंटे का समय लग रहा है। हैरानी की बात है कि निर्माण एवं अनुरक्षण इकाई गंगा को चारधाम यात्रा शुरू होने की जानकारी के बावजूद आखिर सड़क को क्यों खोद दिया गया? अब इसका जवाब अधिकारियों से देते नहीं बन रहा है। उनकी इस अनदेखी के चलते देश-दुनिया के पर्यटकों और यात्रा शुरू होने के बाद तीर्थयात्रियों की परेशानी बढ़ना तय है। मालूम हो कि मार्च में सीवर लाइन बिछाने के लिए बाईपास रोड की खुदाई की गई थी। प्रोजेक्ट मैनेजर एसके वर्मा ने बताया कि यात्रा की वजह से यह काम जल्दी शुरू किया गया। इसी माह सड़क की मरम्मत करा दी जाएगी।

# पौंसारी के ग्रामीणों ने किया कलक्ट्रेट में प्रदर्शन

बागेश्वर(आरएनएस)। आपदा प्रभावित पौंसारी गांव की सुध नहीं लिए जाने पर ग्रामीणों ने कड़ी आपत्ति जताई है। नाराज लोगों ने जिला मुख्यालय में प्रदर्शन किया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि यदि उनकी मांगों को जल्द नहीं माना गया तो ग्रामीणों की मदद से आंदोलन किया जाएगा। सरकार तथा प्रशसन पर उपेक्षा का आरोप लगाया है। ग्राम प्रधान कमला कोहली के नेतृत्व में ग्रामीण जिला मुख्यालय पहुंचे। यहां नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि पिछले दस सालों में गांव में दो बार आपदा आ गई। आपदा से गांव को भारी नुकसान हुआ है। रास्ते, नाले, पेयजल योजना तक क्षतिग्रस्त हो गए हैं। आपदा के बाद मुख्यमंत्री समेत पक्ष तथा विपक्ष के नेता गांव पहुंचे।जिलाधिकारी से लेकर एसडीएम, राजस्व उप निरीक्षक गांव पहुंचे, लेकिन आपदा को आए एक साल होने वाला है, अभी तक आपदा से हुए नुकसान की भरपाई आज तक नहीं हो पाई है। यदि बारिश से पहले सुरक्षा दीवार का निर्माण नहीं हुआ तो गांव में खतरे की जद में आए मकान ध्वस्त हो जाएंगे। लोगों के चलने के लिए रास्ते तक नहीं बचे हैं। उन्होंने गांव की सुध नहीं लिए जाने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। इस मौके पर पौंसारी, मनीखेत आदि आंव के लोग मौजूद रहे।

# गरुड़ में आंगनवाड़ी संगठन ने शक्ति प्रदर्शन कर विशाल रैली निकाली

बागेश्वर(आरएनएस)। अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रदेश भर में आंदोलित आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का गुस्सा बढ़ गया है। गरुड़ विकासखंड में आंगनवाड़ी संगठन ने अपनी शक्ति का प्रदर्शन करते हुए विशाल रैली निकाली।

विकासखंड मुख्यालय से तहसील मुख्यालय तक निकले इस जुलूस में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने शिरकत की और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के बाद कार्यकर्ताओं ने उपजिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को एक ज्ञापन प्रेषित किया।

ज्ञापन में स्पष्ट रूप से चेतावनी दी गई है कि यदि उनकी मांगों पर जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो आंदोलन और उग्र होगा। गंगा देवी ने कहा कि मानदेय और टेक होम राशन का हक वह लेकर रहेंगे। पोषाहार तीन महीने के बजाए हर महीने भेजने की मांग की। तीन महीने के चक्कर में कई बार एक्सपायरी वाला राशन भी भेज देते हैं। ठेकदार की जानकारी भी उन्हें नहीं होती है।

प्रदेश उपाध्यक्ष बिमला कोहली कहा कि सरकार उनके धैर्य की परीक्षा न ले। उन्होंने कहा हमारा मुख्य मुद्दा मानदेय में वृद्धि और टीएचआर (टेक होम राशन ) की व्यवस्था को सुव्यवस्थित करना है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता धरातल पर सबसे ज्यादा काम करती हैं, लेकिन उनके हितों की अनदेखी की जा रही है। हम अपनी मांगें मनवाकर ही दम लेंगे। कोहली ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यह लड़ाई रुकने वाली नहीं है। उन्होंने ऐलान किया कि यदि सरकार ने उनकी जायज मांगों को अनसुना किया, तो आने वाले समय में प्रदेश के समस्त आंगनवाड़ी केंद्र पूर्ण रूप से बंद कर दिए जाएंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।रैली में शामिल रहेंगंगा देवी, पार्वती देवी, कमला दानू जिलाध्यक्ष, नीमा जोशी, द्रोपती दानू, प्रभा आर्या, शीला लोहमी, गीता आर्या, आनंदी, निर्मला नेगी, तारा देवी, पुष्पा रावत, जयंती बिष्ट, किरन जीना, मुन्नी बोरा, प्रेमा जोशी, पार्वती देवी, भुवनेश्वरी आदि शामिल रहे।

# क्या चोटी बनाने से लंबे होते हैं बाल?

क्या आपने किसी को यह कहते हुए सुना है कि चोटी बनाने से बाल लंबे और मजबूत होंगे? महिलाएं लंबे बालों के लिए ऑयल मसाज, ट्रिमिंग, हेयर स्पा सहित कई तरीके आजमाती हैं। लेकिन बहुत ही कम महिलाएं यह जानती हैं कि हेयर स्टाइल से भी बाल लंबे होते हैं।

दरअसल, हम सभी अपने बालों को स्वस्थ और सुरक्षित रखना चाहते हैं। इसके लिए हम महंगे शैंपू, हेयर स्पा और हर्बल शैंपू का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन महज एक हेयर स्टाइल से भी बालों को लंबा और मजबूत बनाया जा सकता है। दरअसल बालों की चोटी बनाने से हेयर फॉल सहित अन्य समस्याएं कम होती हैं।

चोटी बनाने से कैसे बढ़ते हैं बाल?

हम बचपन से ही दादी और नानी से अक्सर सुनते आ रहे हैं कि चोटी बनाने से बाल बढ़ते हैं। लेकिन कम ही लोगों को इस बात पर यकीन होता है। स्टडी में पाया गया है कि हेयर टैप या चोटी बनाने से बाल बढ़ते हैं। दरअसल, चोटी बनाने से बाल एक जगह इकट्ठा हो जाते हैं और कम टूटते हैं। इसके अलावा बालों में खिंचाव कम होता है और ये तेजी से विकास करते हैं। इसलिए बालों को खुले रखने के बजाय चोटी बनाना चाहिए।

बाल उलझने से बचाए

खुले बाल बहुत जल्दी उलझ जाते हैं और टूटने लगते हैं। इसके अलावा ये धूल, मिट्टी और गंदगी के संपर्क में आते हैं। इसके कारण बाल कमजोर और ड्राई हो जाते हैं। बालों की चोटी बनाने से ये कम उलझते हैं और तकिया लगाने पर इनमें तनाव भी कम होता है।

स्कैल्प पर प्रभाव

बालों की चोटी बनाने के फायदे के साथ नुकसान भी है। बालों को अधिक टाइट रखने से हेयर फॉल होता है। इसके अलावा गलत तरीके से चोटी बनाने से स्कैल्प और बालों पर हानिकारक प्रभाव पड़ता है जिसे ट्रैक्शन एलोपेसिया कहा जाता है।

लंबे और मजबूत बालों के लिए टिप्स

स्वस्थ और लंबे बालों के लिए अपनी लाइफस्टाइल और डाइट को बेहतर रखना बेहद जरूरी है। बालों का विकास जेनेटिक और पोषक तत्वों पर निर्भर करता है।

*हेल्दी जीवनशैली अपनाने और अधिक मात्रा में पोषक तत्वों का सेवन करने से बाल मजबूत होते हैं।

*हर हफ्ते में बालों में तेल लगाकर मसाज करें। इससे बालों को पोषण मिलता है और बाल हेल्दी और लंबे होते हैं।

*बालों के विकास के लिए अच्छी नींद भी बेहद जरूरी है।

*तनाव कम लें और हमेशा खुश रहने की कोशिश करें। ये स्वस्थ बालों के लिए जरूरी है।

*हफ्ते में एक बार घर पर बने हेयर मास्क का उपयोग जरूर करें। इससे बालों को पोषण मिलता है।

# जिन्हें हर समय जम्हाई आती है, वे हैं इन समस्याओं का शिकार

रात को गहरी नींद लेने के बाद भी कुछ लोगों को दिनभर नींद आती रहती है। वहीं, कुछ लोग पूरा आराम करने के बाद भी हर समय थका-थका महसूस करते हैं। अगर आप इन लोगों में से तो आपको अपनी सेहत पर ध्यान देने की जरूरत है, क्योंकि बहुत अधिक नींद आना या बहुत अधिक थकान होना आपकी गिरती सेहत की निशानी हैं...

क्यों आती रहती है हर समय नींद?

-जब शरीर से अधिक दिमाग थक जाता है, तब भी बहुत अधिक नींद आती है। अगर आपको लगता है कि आप लगातार कई घंटों तक एक ही जगह बैठे रहते हैं। या आप कंप्यूटर संबंधित जॉब में हैं तो आपके साथ यह समस्या होने की संभावना कई गुना बढ़ जाती है।

-क्योंकि इस तरह दिनभर काम करने से एक वक्त बाद आपका ब्रेन और आंखें बहुत अधिक थक जाते हैं, जबकि शारीरिक गतिविधि के अभाव में शरीर में दूसरी तरह की दिक्कतें पनपने लगती हैं।

अधिक नींद आने के सेहत से जुड़े कारण

-कुछ लोगों को अधिक नींद कई शारीरिक समस्याओं के कारण भी आती है। इनमें रेस्टलेस लेग, किडनी की समस्या, थायरॉइड से जुड़ी दिक्कतें, किसी दवाई को लंबे समय से लेते रहने के बाद उसे बंद कर देना आदि शामिल हैं।

टाइमटेबल का अभाव

-जिन लोगों के सोने और जागने का कोई निश्चित समय नहीं होता है, उन्हें भी नींद से संबंधित समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसलिए एक हेल्दी लाइफ के लिए यह जरूरी हो जाता है कि आप खाने-पीने और सोने-जागने का एक निश्चित समय निर्धारित करें।

सही डायट का ना होना

-कुछ लोग कैफीन युक्त पदार्थों का अधिक सेवन करते हैं तो कुछ लोगों को बहुत अधिक ऑइली और स्पाइसी फूड खाना पसंद होता है। इस तरह का भोजन भी हमारे नींद के साइकल को बाधित करता है। क्योंकि यह पाचन को सही नहीं रहने देता और अगर पेट ठीक ना हो तो शरीर की थकान कभी उतर ही नहीं सकती।

# गंभीर बीमारियों के खतरे से आपके शरीर को बचाए रख सकता है स्ट्रॉबेरी का सेवन



स्ट्रॉबेरी एक ऐसा फल है जो आपको लगभग हर मौसम में मिल जाएगा। इसका सेवन आमतौर पर गर्मियों में सबसे ज्यादा किया जाता है और मौसम के लिहाज से देखा जाए तो यह सेहत के लिए काफी फायदेमंद भी है। डिहाइड्रेशन की समस्या से बचाने के लिए गर्मियों में स्ट्रॉबेरी का सेवन प्रभावी रूप से आपके शरीर को सुरक्षा प्रदान करता है। इतना ही नहीं, यह कई प्रकार की गंभीर बीमारियों के खतरे से भी आपके शरीर को बचाए रख सकता है।

स्ट्रॉबेरी के फायदे के बारे में आपको यहां पर विस्तृत जानकारी दी जाएगी ताकि आप अपने सेहत का ख्याल रख सके और रोगों की चपेट में आने से बचे रहें। आइए से होने वाले फायदों पर एक नजर डालते हैं।

कैंसर से बचाए

कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से शरीर को बचाए रखने के लिए अगर आप अपनी लाइफस्टाइल में थोड़ा-सा बदलाव करेंगे तो यह काफी मददगार साबित होगा। इसके अलावा अगर आप स्ट्रॉबेरी का सेवन करते हैं तो इसमें मौजूद कैंसर सेल्स को नष्ट करने वाला गुण आपको कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी की चपेट में आने से भी बचा सकता है।

ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस को कम करे

ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस बढ़ने के कारण हम कई प्रकार की मानसिक और शारीरिक समस्याओं से जूझ सकते हैं। इतना ही नहीं, अगर समय रहते इसका हल न ढूंढा जाए तो यह लंबे समय तक हमारी क्वालिटी ऑफ लाइफ को खराब कर देता है। ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस को कम करने का विशेष गुण स्ट्रॉबेरी में पाया जाता है जिसके कारण आप इसका सेवन करके सकारात्मक लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

कोलेस्ट्रॉल को संतुलित करे

स्ट्रॉबेरी का सेवन करने से कोलेस्ट्रोल की मात्रा को संतुलित बनाए रखने में भी काफी मदद मिलती है। वैज्ञानिक अध्ययन के अनुसार भी इस बात की पुष्टि की गई है। स्ट्रॉबेरी का सेवन करने के कारण शरीर में लो डेंसिटी लिपॉप्रोटीन यानी कि बैड कोलेस्ट्रॉल के लेवल को कम करने का प्रभावी गुण पाया जाता है। इसलिए कोलेस्ट्रॉल की मात्रा को संतुलित बनाए रखने के लिए आप स्ट्रॉबेरी का सेवन आप कर सकते हैं।

दिल की बीमारियों से बचाए

दिल की बीमारियों से बचे रहने के लिए आप स्ट्रॉबेरी का सेवन नियमित रूप से कर सकते हैं। यह कार्डियोप्रोटेक्टिव एक्टिविटी रखने के साथ-साथ दिल की धड़कन और उसकी कार्यप्रणाली को सक्रिय रूप से कार्य करने के लिए प्रेरित करता है। यही वजह है कि इसका सेवन करने के कारण दिल से जुड़ी बीमारियों का खतरा भी कई गुना तक कम हो सकता है।

ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने के लिए

ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करना बहुत जरूरी होता है। अगर इसे कंट्रोल ना किया जाए तो यह डायबिटीज के खतरे को बढ़ा देता है और बढ़े हुए ब्लड शुगर लेवल के कारण आप डायबिटीज की चपेट में आ जाते हैं। वैज्ञानिक अध्ययन के अनुसार, क्लिनिकल ट्रायल में देखा गया है कि स्ट्रॉबेरी का सेवन करने वाले लोगों में ब्लड शुगर लेवल को संतुलित बनाए रखने में काफी मदद मिलती है।

## शब्द सामर्थ्य -001

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. बात, घटना, माजरा, मुकदमा (उर्दू) 3. अलावा, अतिरिक्त 6. प्रेम, इच्छा 7. मां का बच्चे के प्रति प्रेम 8. गलती, जुर्म, गुनाह, दोष 10. मग्न, लीन, खुश, प्रसन्न 12. धनुष, समादेश, फौजी टुकड़ी 13. एक कल्पित पत्थर जो लोहे को छूकर सोना बना देता है 16. हिम्मत, साहस, सामर्थ्य 17. बनावटी, अनुकृति, असली का विलोम 18. अबोध, नासमझ 20. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध हरिभक्त देवर्षि 22. गहरा नीला, काला 23. व्याकुल, बेसब्र 24. मन, चित्त, आदरसूचक तथा सहमति सूचक एक शब्द।

**ऊपर से नीचे**

1. स्वामी, नाथ 2. बेबस, मजबूर, विवश 3. अन्याय, अत्याचार, जुल्म 4. मध्य एशिया का एक देश 5. पुस्तक 9. बहादुर, वीर 11. सैनिक विद्रोह 12. नीच, अधम 12 ए. प्रणाम, झुकना 13. भरण-पोषण करना, परवरिश करना, छोटा झूला, हिंडोला 14. प्रमाण, प्रमाणिक कथन 15. स्वाभाविक ढंक, योग्यता, लियाकत, सभ्यता और शिष्टता, शऊर (उ.) 19. बिजली, तड़ित 21. रात में दिखाई न पड़ने का नेत्र संबंधी रोग।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | 9 | | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | | 12ए | ■ | 13 | | 14 | ■ | 15 |
| | ■ | 16 | | | ■ | 17 | | |
| 18 | 19 | | ■ | 20 | 21 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 22 | | | ■ | 23 | | | ■ | 24 |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 100 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | सं | द | ■ | सिं | हा | स | न | ■ |
| ख | ■ | म | ज | दू | र | ■ | का | म |
| वा | द | क | ■ | र | ■ | सं | ब | ल |
| ड़ | ■ | ल | ज्जा | ■ | म | स्का | ■ | य |
| ■ | बा | ■ | ■ | बि | हा | र | ■ | ■ |
| सु | धा | क | र | ■ | न | ■ | ■ | औ |
| रं | ■ | म | ■ | कि | ता | ब | ■ | स |
| ग | ■ | अ | र | सा | ■ | हु | ज्ज | त |
| ■ | श | क्ल | ■ | न | मि | त | ■ | न |

# आरएसएस के 100 साल का इतिहास लेकर आए संजय दत्त

एक ऐसी फिल्म जो उन सवालों को पूछने की हिम्मत करती है, जिसने एक सदी से भी ज्यादा समय से देश और यहां के युवाओं को उलझा रखा है. नेशनल अवॉर्ड विनर फिल्म मेकर अभिजीत मोहन वारंग के डायरेक्शन में बनी आखिरी सवाल का टीजर रिलीज हो गया है, जिसमें संजय दत्त मुख्य भूमिका में हैं और इसे निखिल नंदा ने प्रोड्यूस किया है. महात्मा गांधी के निधन के बाद लगाए गए बैन से लेकर बाबरी मस्जिद ढहाने के आरोपों तक, आखिरी सवाल ऐसे गंभीर सवाल उठाती है, जिनके जवाब लोग लंबे समय से ढूंढ रहे हैं. निडर और बेबाक, यह टीजर इतिहास की गहराई में उतरता है और एक ऐसी कहानी पेश करता है जो निश्चित रूप से पूरे देश में एक नई बहस छेड़ देगी. संजय दत्त के साथ-साथ अमित साध, नमाशी चक्रवर्ती, समीरा रेड्डी, नीतू चंद्रा और त्रिधा चौधरी जैसे शानदार कलाकारों से सजी आखिरी सवाल उन फिल्मों में से एक है जिसका दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. अपनी अनाउंसमेंट के साथ ही हलचल मचाने के बाद, मेकर्स ने हनुमान जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर टीजर रिलीज किया है, और इसने अभी से ही चर्चा बटोरनी शुरू कर दी है.

यह बहुप्रतीक्षित टीजर फिल्म के विषय की एक पावरफुल झलक दिखाता है, जिसका मकसद उस छिपी हुई कहानी की परतों को खोलना है जिसे देश को देखने की जरूरत है. निडर, सीधा और बातचीत के अंदाज वाला यह टीजर एक ऐसी बहस छेड़ता है जिसके फिल्म रिलीज होने पर और भी तेज होने की उम्मीद है. कहानी विक्की की है, जो एक होनहार लेकिन थोड़ा गुस्सैल स्कॉलर है और प्रोग्रेसिव इंडिया का एक महत्वाकांक्षी युवा है. विक्की अपनी थीसिस रिजेक्ट होने के बाद अपने गुरु प्रोफेसर गोपाल नडकर्णी पर पक्षपात का आरोप लगाता है, जो शुरू में एक निजी एकेडमिक विवाद होता है, वो बाद में नेशनल टेलीविजन पर होने वाली बहस में बदल जाता है. यह फिल्म भारत के युवाओं के मन में उठने वाले सुलगते सवालों उनकी उम्मीदों, शंकाओं और ऐतिहासिक घटनाओं व तथ्यों के जरिए सच की उनकी तलाश को दिखाती है. फिल्म के केंद्र में गुरु-शिष्य के बीच का एक जबरदस्त टकराव है, जहां विक्की की लगातार पूछताछ एक गहरे व्यक्तिगत मकसद का खुलासा करती है. आखिर में, उसका आखरी सवाल एक सदी पुराने ऐसे राज से पर्दा उठाता है जो या तो प्रोफेसर को सही साबित कर सकता है या उन दोनों को बर्बाद. अभिजीत मोहन वारंग, जिन्होंने 2021 में मराठी ड्रामा पिकासो से अपने डायरेक्शन की शुरुआत की थी, उन्हें 67वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स में स्पेशल मेंशन मिला था. उन्होंने मराठी और हिंदी सिनेमा में लगातार प्रभावशाली फिल्में दी हैं, जिनमें डेजा वू, प्रेम प्रथा धूमशान, पिकोलो और शॉर्ट फिल्म वर्चुअल रियलिटी शामिल हैं. निखिल नंदा मोशन पिक्चर्स के बैनर तले बनी यह फिल्म निखिल नंदा द्वारा पेश की जा रही है, जिन्होंने जियो हॉटस्टार और अन्य प्लेटफॉर्म्स के लिए कई प्रोजेक्ट्स किए हैं. आखरी सवाल को निखिल नंदा और संजय दत्त ने प्रोड्यूस किया है, जबकि पुनीत नंदा, डॉ. दीपक सिंह, गौरव दुबे और उज्जवल आनंद इसके को-प्रोड्यूसर हैं। फिल्म की कहानी, पटकथा और डायलॉग्स उत्कर्ष नैथानी ने लिखे हैं। संगीत मोंटी शर्मा ने दिया है और इसके बोल कुमार विश्वास ने लिखे हैं आखिरी सवाल 8 मई 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है.

# एक्शन के मैदान में अहान पांडे की एंट्री, अली अब्बास जफर ने दिखाया इंटेंस फर्स्ट लुक

मोहित सूरी की फिल्म सैयारा से रातों-रात शोहरत हासिल करने वाले अहान पांडे फिर चर्चा में हैं। दरअसल, पिछले साल खबर आई थी कि उन्हें मशहूर निर्देशक अली अब्बास जफर ने अपनी अगली फिल्म में कास्ट कर लिया है। इस खबर के आने के बाद से फैंस फिल्म से जुड़े अपडेट जानने को बेताब थे। अब निर्माताओं ने खुद सोशल मीडिया पर एक तस्वीर साझा करते इस फिल्म से जुड़ी जानकारी दी है।

अली अब्बास ने सोशल मीडिया पर क्लैपरबोर्ड की तस्वीर साझा की है। इसके पीछे अहान की झलक दिखाई देती है। उन्होंने कैप्शन में लिखा, और यह शुरू हो गया है। निर्देशक ने पुष्टि कर दी है कि अहान अभिनीत एक्शन-थ्रिलर फिल्म की शूटिंग आधिकारिक तौर पर शुरू हो गई है। इसका निर्माण आदित्य चोपड़ा के प्रोडक्शन यशराज फिल्म्स बैनर के तले किया जा रहा है। फिल्म में अहान के साथ, अभिनेत्री शरवरी मुख्य किरदार में नजर आएंगी। निर्माताओं ने फिल्म से जुड़ी ज्यादा जानकारी अभी साझा नहीं की है, लेकिन बताया जा रहा है कि यह रोमांस और एक्शन का बेहतरीन मिश्रण होगी। एक सूत्र ने बताया था कि अली अब्बास को टाइगर जिंदा है और सुल्तान जैसी मेगा एंटरटेनर फिल्मों के लिए जाना जाता है, इसलिए वह अहान अभिनीत फिल्म में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। खबरों के मुताबिक, फिल्म निशांची वाली ऐश्वर्या ठाकरे भी मुख्य भूमिका में नजर आ सकती हैं।

**वैधानिक सूचना**

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *साध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

—प्रबंधक विज्ञापन

# जगद्धात्री में आग वाला सीन बिल्कुल भी आसान नहीं था, सोनाक्षी बत्रा ने बताया शूटिंग का अनुभव



टीवी की दुनिया में इन दिनों दर्शकों को बांधे रखने के लिए मेकर्स लगातार नई-नई कहानी और रोमांचक सीन लेकर आ रहे हैं। ऐसा ही कुछ टीवी शो जगद्धात्री में देखने को मिला, जहां होली के खास मौके पर एक बेहद खतरनाक और भावनात्मक सीन फिल्माया गया। इस सीन ने न सिर्फ कहानी को नया मोड़ दिया, बल्कि कलाकारों के लिए भी यह एक बड़ी चुनौती साबित हुआ। इस शो में मुख्य भूमिका निभा रहीं सोनाक्षी बत्रा ने इस खतरनाक सीन की शूटिंग का अनुभव साझा किया। कहानी के मुताबिक, होली के जश्न के दौरान तपस्या, जिसका किरदार येशा हरसोरा निभा रही हैं, अपनी साजिश को अंजाम देती है। उसकी इस चाल का असर माया की बेटी गुंजन पर पड़ता है, इस रोल में परी भानुशाली हैं। अचानक माहौल में अफरा-तफरी मच जाती है और गुंजन आग की लपटों में फंस जाती है। गुंजन को बचाने के लिए जगद्धात्री और शिवाय, जिसका किरदार फरमान हैदर निभा रहे हैं, आगे आते हैं। सीन का सबसे रोमांचक पल तब आता है जब जगद्धात्री हिम्मत दिखाते हुए आग में कूद जाती है और गुंजन को बाहर निकाल लेती है। यह पूरा सीन दर्शकों को स्क्रीन से बांधे रखता है।

इस सीन की शूटिंग को लेकर सोनाक्षी बत्रा ने बताया कि उनके लिए यह अनुभव काफी चुनौतीपूर्ण लेकिन यादगार रहा। उन्होंने कहा,जगद्धात्री का किरदार निभाना मेरे लिए एक खास सफर रहा है और समय के साथ मुझे एक्शन सीन करना पसंद आने लगा है। आग वाला सीन बिल्कुल भी आसान नहीं था, क्योंकि इसमें ज्यादा सावधानी और सटीकता की जरूरत होती है। हर कदम सोच-समझकर उठाना पड़ता है, ताकि किसी भी तरह का खतरा न हो।

सोनाक्षी ने खासतौर पर अपनी को-स्टार परी भानुशाली की तारीफ की। उन्होंने कहा, इतनी छोटी उम्र में भी परी बहुत समझदार हैं और सेट पर दिए गए हर निर्देश को ध्यान से सुनती हैं। यही वजह है कि उनके साथ शूटिंग करना आसान हो जाता है। आग जैसे खतरनाक सीन के दौरान भी परी ने पूरी सतर्कता के साथ काम किया, जिससे पूरी टीम को काफी मदद मिली।

उन्होंने आगे कहा, इस सीन के दौरान मैं खुद भी काफी सतर्क थी, क्योंकि मेरे साथ एक बच्ची थी और उसकी सुरक्षा मेरे लिए पहली जिम्मेदारी थी। शूटिंग के समय मेरे मन में यही था कि परी पूरी तरह सुरक्षित रहे। प्रोडक्शन टीम ने भी सुरक्षा के सभी जरूरी इंतजाम किए थे और हर छोटी-बड़ी बात का ध्यान रखा गया था, जिससे यह सीन बिना किसी परेशानी के पूरा हो सका।

आने वाले एपिसोड में कहानी और भी ज्यादा रोमांचक होने वाली है। होली के जश्न के बीच एक और बड़ा मोड़ आएगा, जब रुद्र की जलन खतरनाक रूप लेगी और वह अपने सौतेले भाई शिवाय को गोली मार देगा।

इसके बाद जगद्धात्री और देशमुख परिवार शिवाय को अस्पताल लेकर जाएंगे और उसकी जान बचाने की कोशिश करेंगे। यह नया ट्विस्ट दर्शकों के लिए और भी ज्यादा सस्पेंस और उत्साह लेकर आने वाला है।

# कथानार-द वाइल्ड सॉर्सेरर 14 भाषाओं में होगी रिलीज



भारतीय सिनेमा की मचअवेटेड फिल्मों में से एक कथानरका बहुप्रतीक्षित ट्रेलर आखिरकार रिलीज कर दिया गया है। नेशनल अवार्ड विजेता फिल्म होम के निर्देशक रोजिन थॉमस इस भव्य प्रोजेक्ट के साथ पांच साल बाद वापसी कर रहे हैं। यह फिल्म न केवल भारतीय बल्कि वैश्विक स्तर पर एक बड़े सिनेमाई अनुभव का वादा करती है, जिसे बेहद बारीकी और शोध के साथ तैयार किया गया है। फिल्म का ट्रेलर देखने लायक है और एक शानदार कहानी की झलक पेश कर रहा है। फिल्म में शानदार कास्ट है और ये 9वीं सेंचुरी में ले जाने के लिए पूरी तरह तैयार नजर आ रही है।

इस फिल्म में मुख्य भूमिका लोकप्रिय अभिनेता जयसूर्या निभा रहे हैं, जो कथानर के टाइटल रोल में नजर आएंगे। उनके साथ फिल्म में जयसूर्या, अनुष्का शेट्टी और प्रभुदेवा जैसे दिग्गज कलाकार प्रमुख भूमिकाओं में हैं। सहायक कलाकारों में विनीत, नितीश भारद्वाज, हरीश उथमन और कुलप्रीत यादव जैसे नाम शामिल हैं। कथानर को एक ग्लोबल फिल्म के रूप में पेश किया जा रहा है, जिसे हिंदी, बंगाली, मलयालम, तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और अंग्रेजी के साथ-साथ आठ अंतरराष्ट्रीय भाषाओं में भी रिलीज किया जाएगा।

फिल्म का टीजर एक ऐसी दृश्य यात्रा पर ले जाता है जो दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देती है। नौवीं शताब्दी की पृष्ठभूमि पर आधारित यह फिल्म पीरियड फैंटेसी शैली में एक नया प्रयोग है। निर्देशक रोजिन थॉमस ने पारंपरिक कहानियों से हटकर इस फिल्म के लिए गहन शोध किया है, जो इसके वातावरण और वर्ल्ड-बिल्डिंग में स्पष्ट रूप से झलकता है। टीज़र में दिखाई गई सिनेमैटोग्राफी और विजुअल ट्रीटमेंट इसे समकालीन फिल्मों से मीलों आगे ले जाता है।

श्री गोकुलम मूवीज के बैनर तले गोकुलम गोपालन द्वारा निर्मित यह फिल्म भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े प्रोडक्शंस में से एक मानी जा रही है। निर्देशक ने साझा किया कि लगभग 500 तकनीशियनों ने पांच साल तक लगातार इस प्रोजेक्ट पर काम किया है। विशेष रूप से अभिनेता जयसूर्या ने इस फिल्म के लिए अपने करियर के चार साल समर्पित किए हैं। यह फिल्म निर्माण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और निर्माताओं के अटूट विश्वास का परिणाम है कि आज कथानर इस स्तर की गुणवत्ता हासिल कर पाई है।

कथानर का टीजर अपने हॉलीवुड-स्तरीय विजुअल्स और अत्याधुनिक वीएफएक्स के कारण चर्चा में है। राहुल सुब्रमण्यन द्वारा तैयार किया गया दमदार बैकग्राउंड स्कोर टीज़र की तीव्रता को और बढ़ा देता है। फिल्म के हर डिपार्टमेंट चाहे वह कॉस्ट्यूम हो, मेकअप हो या आर्ट डायरेक्शन पर एक अलग दृष्टिकोण के साथ काम किया गया है। पोस्ट-प्रोडक्शन के अंतिम चरण में पहुंची यह फिल्म भारतीय सिनेमा की भव्यता और कहानी कहने के तरीके को वैश्विक मंच पर पुनर्परिभाषित करने की ताकत रखती है।

## सदन में महिलाओं की भागीदारी बढ़ने से देश और मजबूत होगा : रावत

नई टिहरी(आरएनएस)। देश की सर्वोच्च सदन में महिलाओं की 33 प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित किए जाने पर राज्य सतर्कता समिति की अध्यक्ष गीता रावत और भाजपा महिला मोर्चा ने प्रधानमंत्री मंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया है। कहा कि सदन में महिलाओं की भागीदारी बढ़ने से देश और मजबूत होगा। नई टिहरी पहुंची दायित्वधारी रावत का भाजपाइयों ने पार्टी कार्यालय में स्वागत किया।

पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा 16 से 18 अप्रैल तक लोकसभा और राज्य सभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर चर्चा होगी। केंद्र सरकार ने महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए जनधन, पोषण, पीएम उज्जवला, सुकन्या, लखपति दीदी, मुद्रा लोन सहित कई कल्याणकारी योजनाएं संचालित की हुई है जिनका महिलाओं को लाभ मिल रहा है।

इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष चंबा शोभनी धनोला, महिला मोर्चा जिला महामंत्री लीला मखलोगा, पूर्व ब्लॉक प्रमुख शिवानी बिष्ट, रजनी सजवाण, भाजपा जिलाध्यक्ष उदय रावत, भाजयुमो जिलाध्यक्ष मनीष राणा, सरस्वती नेगी, विमला खंडका, रीना डोभाल, राजेंद्र डोभाल आदि मौजूद थे।

## श्रीनगर के पार्षद ने एलपीजी गैस किल्लत बताई

पौड़ी(आरएनएस)। जिला मुख्यालय में आयोजित जनता मिलन कार्यक्रम में लोग 12 शिकायतों को लेकर पहुंचे। लोगों ने एलपीजी गैस किल्लत, आपदा से क्षतिग्रस्त परिसंपत्तियां व जंगली जानवरों से निजात की मांग उठाई। सीडीओ गिरीश गुणवंत की अध्यक्षता में जनता मिलन कार्यक्रम आयोजित हुआ। उन्होंने एक- एक कर सभी शिकायतों का सुना और निस्तारण किया।

खिर्सू निवासी महादेव प्रसाद बहुगुणा व रुकम सिंह रावत ने मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना के अंतर्गत स्थापित सोलर प्लांटों के भुगतान में विलंब की शिकायत की। ऊर्जा निगम की ओर से पिछले लंबे समय से भुगतान नहीं हो पा रहा। श्रीनगर क्षेत्र के वार्ड संख्या-40 के पार्षद संदीप रावत ने एलपीजी गैस आपूर्ति किल्लत से हो रही समस्याएं गिनवाईं। एकेश्वर ब्लॉक के मटियालना गांव निवासी वीरेंद्र बिडालिया ने बीते साल की बारिश व आपदा से घर के आंगन के पुश्ते क्षतिग्रस्त होने और भवन में दरारें आने की शिकायत दर्ज कराई।

ग्राम प्रधान रछुली नीलम देवी ने जंगली जानवरों से निजात दिलाने, चरधार के ग्राम केसुंदर गांव निवासी राहुल देव ने जिला पंचायत की ओर से बनाई गई सड़क का मलबा आवासीय भवन के समीप डाले जाने पर नाराजगी जताई। इस मौके पर डीडीओ मनविंदर कौर, ईई जल संस्थान प्रवीण सैनी, डीएसओ अरुण कुमार वर्मा, ईई एनएच राजबीर चौहान, डीईओ रणजीत सिंह नेगी आदि मौजूद रहे।

### सू- दोकू क्र.001

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.100का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

# मुख्यमंत्री घोषणाओं के कार्यों में तेजी और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश

अल्मोड़ा(आरएनएस)। जनपद में मुख्यमंत्री द्वारा की गई विकासपरक घोषणाओं के क्रियान्वयन की प्रगति को लेकर कलेक्ट्रेट स्थित वीसी कक्ष में जिलाधिकारी अंशुल सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। इसमें 4 जुलाई 2021 से अब तक की घोषणाओं की विभागवार समीक्षा करते हुए लंबित और प्रगति पर चल रहे कार्यों का विस्तृत आकलन किया गया।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री घोषणाएं शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल हैं और इनके क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की शिथिलता या विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा किया जाए और चल रहे कार्यों में अपेक्षित गति लाई जाए।

उन्होंने परियोजनाओं की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने पर जोर देते हुए कहा कि सभी विभाग अपनी योजनाओं की अद्यतन स्थिति निर्धारित पोर्टल पर समय-समय पर अपलोड करें, ताकि पारदर्शिता बनी रहे और उच्च स्तर पर सटीक जानकारी उपलब्ध हो सके। साथ ही उन्होंने विकास कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष बल देते हुए कहा कि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। जिलाधिकारी ने भौतिक और वित्तीय प्रगति की नियमित समीक्षा करने तथा कार्यों में आ रही बाधाओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जिन विभागों की प्रगति धीमी है, वे तत्काल सुधारात्मक कदम उठाएं और कार्यों में तेजी लाएं। बैठक में विभागों द्वारा प्रस्तुत प्रगति रिपोर्ट का अवलोकन करते हुए जिलाधिकारी ने समन्वय और जवाबदेही के साथ कार्य करने की आवश्यकता बताई।

उन्होंने कहा कि कार्यों की प्रगति कागजों तक सीमित न रहकर धरातल पर भी दिखाई देनी चाहिए और अधिकारी समय-समय पर स्थलीय निरीक्षण करते रहें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रामजी शरण शर्मा, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी रेणु भंडारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## छात्राओं को साइबर अपराध और सुरक्षा संबंधी दी जानकारी

अल्मोड़ा(आरएनएस)। जनपद में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोडके के निर्देशन में जनजागरूकता अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसके तहत स्कूलों, कॉलेजों, नगरों और ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस द्वारा विभिन्न विषयों पर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में थाना धौलछीना पुलिस ने राजकीय कन्या इंटर कॉलेज बाड़ेछीना में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। थानाध्यक्ष सुनील सिंह बिष्ट के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्राओं और विद्यालय स्टाफ को विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान साइबर फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट, पोक्सो अधिनियम, नए आपराधिक कानूनों, महिला एवं बाल अपराध और यातायात नियमों के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे 112, साइबर हेल्पलाइन 1930, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 और आपदा हेल्पलाइन 1070 की जानकारी भी दी गई, ताकि जरूरत पड़ने पर तत्काल सहायता प्राप्त की जा सके। पुलिस टीम ने छात्राओं को जागरूक करते हुए सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की सलाह दी।

## बच्चों को कुरीतियों के बारे में बताया

पिथौरागढ़(आरएनएस)। नगर के लिटिल एंजल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पुलिस ने जागरुकता अभियान चलाया। पुलिस ने 112, बाल विवाह, दहेज प्रथा, छुआछूत, जातिवाद जैसी सामाजिक कुरीतियों से बचने और इनके खिलाफ आवाज़ उठाने को कहा। बच्चों को साइबर क्राइम के बारे में भी बताया गया। इस दौरान एसआई हरीश सिंह,मोहन सिंह,नरेंद्र सिंह,प्रधानाचार्य गोविंद उपाध्याय सहित अन्य शिक्षक व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ किया प्रदर्शन

रुद्रपुर(आरएनएस)। निजी विद्यालयों की मनमानी, बढ़ती फीस और शिक्षा के व्यवसायीकरण के विरोध में अभिभावकों और सामाजिक संगठनों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया। डीएम की अनुपस्थिति में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी गणेश आर्या को ज्ञापन सौंपा। इसके बाद प्रभारी मुख्य शिक्षा अधिकारी हरेन्द्र कुमार मिश्रा को भी ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की। सुब्रत कुमार विश्वास के नेतृत्व में लोगों ने प्रदर्शन किया। उन्होंने निजी स्कूलों द्वारा मनमाने शुल्क वृद्धि, नियमों की अनदेखी और किताबों व यूनिफॉर्म में एकाधिकार के खिलाफ कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने स्कूली शिक्षा में सुधार, एनसीईआरटी पाठ्यक्रम लागू करने और फीस नियंत्रण के लिए ठोस नीति बनाने की मांग उठाई।

ज्ञापन में प्रमुख मांगों के रूप में सभी विद्यालयों की पाठ्यपुस्तकों की सूची सार्वजनिक करने, किताबों व यूनिफॉर्म की सामान्य बाजार में उपलब्धता सुनिश्चित करने, न्यूनतम दर पर पुस्तकें उपलब्ध कराने और निजी विद्यालयों की फीस पर पारदर्शी नियंत्रण नीति लागू करने की बात कही गई। साथ ही बिना मान्यता के चल रहे विद्यालयों पर कार्रवाई और कमीशनखोरी पर रोक लगाने की मांग भी उठाई गई। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि इससे पहले 8 अप्रैल को भी उपजिलाधिकारी को इसी संबंध में ज्ञापन दिया गया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इससे अभिभावकों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो जिला मुख्यालय पर शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समिति गठित कर समयबद्ध समाधान की मांग की गई।

# एचपीवी टीकाकरण को लेकर जागरुकता बढ़ाने और शत-प्रतिशत कवरेज के निर्देश

अल्मोड़ा(आरएनएस)। कलेक्ट्रेट में अपर जिलाधिकारी युक्ता मिश्र की अध्यक्षता में एचपीवी टीकाकरण को लेकर बैठक आयोजित की गई, जिसमें टीकाकरण की आवश्यकता, महत्व और इसके प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा की गई।

बैठक में अपर जिलाधिकारी ने कहा कि एचपीवी वैक्सीन महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम में प्रभावी है, इसलिए पात्र लाभार्थियों को इससे आच्छादित करना आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिए कि टीकाकरण अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करते हुए लक्षित वर्ग का शत-प्रतिशत कवरेज सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों और स्वास्थ्य संस्थानों के माध्यम से व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया गया।

उन्होंने समाज में एचपीवी वैक्सीन को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर करने की आवश्यकता बताते हुए कहा कि वैज्ञानिक जानकारी के प्रचार-प्रसार से लोगों को जागरूक किया जाए, ताकि वे बिना संकोच टीकाकरण का लाभ उठा सकें। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि जनसामान्य तक सरल और प्रभावी माध्यमों से जानकारी पहुंचाकर सकारात्मक माहौल तैयार किया जाए। बैठक में प्रभारी मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अरविंद पांगती ने बताया कि यह वैक्सीन सुरक्षित और प्रभावी है। उन्होंने कहा कि 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं के लिए यह विशेष रूप से जरूरी है और इससे गर्भाशय के कैंसर की रोकथाम में मदद मिलती है। उन्होंने बताया कि यह वैक्सीन 45 वर्ष तक की महिलाओं के लिए भी उपयोगी है तथा जनपद के सभी ब्लॉकों में चिकित्साधिकारियों को इसके प्रति जागरूकता बढ़ाने और अधिक से अधिक बालिकाओं के टीकाकरण के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# कांग्रेस के आरोपों से जनता असहमतः चौहान

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कांग्रेस के आरोपों को हताशा, निराशा बताते हुए कहा कि उससे जनता भी असहमत है।

कांग्रेस के आरोप पर प्रतिक्रिया देते हुए चौहान ने कहा कि भाजपा ने विकास की लम्बी लकीर खींची है और इससे कांग्रेस के आरोपों का कोई अस्तित्व नही रह जाता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता जानती है कि भर्ती घोटालों मे माफिया के नेटवर्क को किस तरह धामी सरकार ने तोड़ा और युवाओं की मांग पर मामले मे सीबीआई जांच तक की संतुति की है। सरकार जीरो टालरेंस की नीति पर कार्य कर रही है। चौहान ने कहा कि सीएम के आगमन पर हर बार स्वतः स्फुर्त भीड़ आती रही है और यह उनकी लोक प्रियता का पैमाना है। उन्होंने कहा कि हर बार पीएम उत्तराखंड आते हैं तो राज्य को सौगातें ही मिलती है यह राज्य का सौभाग्य है। उन्होंने कहा कि जिस तरह सीएम पुष्कर सिंह धामी पीएम मोदी के मार्गदर्शन मे राज्य को आगामी दशक का श्रेष्ठ राज्य बनाने की दिशा मे आगे बढ़ रहे हैं उसकी विपक्ष को भी मुक्त कंठ से प्रसंशा करनी चाहिए।

# शराब के साथ गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने शराब के साथ एक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार डोईवाला कोतवाली पुलिस ने लालतप्पड के पास एक युवक को संदिग्ध अवस्था में घुमते हुए देखा तो उसको रूकने का इशारा किया। पुलिस को देख वह भाग खडा हुआ। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से पांच पेटी शराब की बरामद कर ली। पूछताछ में उसने अपना नाम कृष्णा वीर पुत्र लोकेन्द्र सिंह निवासी लालतप्पड बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# खुखरी के साथ दो गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने खुखरी के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। जिनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रायपुर थाना पुलिस ने सब्जी मंडी के पास दो युवकों को संदिग्ध अवस्था में घुमते हुए देखा तो उनको रूकने का इशारा किया। पुलिस ने पीछा कर उनको थोडी दूरी पर ही दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने दोनों के कब्जे से दो खुखरियां बरामद कर ली। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम आशीष कुमार उर्फ आशु पुत्र रणजीत सिंह निवासी आदर्श कालोनी व मनीष रावत उर्फ संजू निवासी सुरेन्द्र सिंह रावत निवासी जोगीवाला फ्लाईओवर बताया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# दुकान का ताला तोड 55 हजार रुपये चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने हलवाई की दुकान का ताला तोड वहां से 55 हजार रूपये नगद चोरी कर लिये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कपिल कुमार ने ऋषिकेश कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी क्षेत्र में हलवाई की दुकान है। आज जब वह अपनी दुकान पर पहुंचा तो उसने देखा कि दुकान के शटर का ताला टूटा हुआ था तथा अन्दर सारा सामान बिखरा हुआ था। चोर उसके यहां से 55 हजार रूपये की नगदी चोरी करके ले गये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# समिति ने की बिजली बिल कहीं भी जमा करने की मांग

संवाददाता

देहरादून। नेताजी संघर्ष समिति ने ऊर्जा मंत्री व यूपीसीएल के एचडी से बिजली बिल कहीं भी जमा करने की मांग की। आज यहां नेताजी संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने एक ज्ञापन प्रदेश के ऊर्जा मंत्री और यूपीसीएल के एचडी ऊर्जा विभाग को डाक द्वारा प्रेषित किया। ज्ञापन में मांग की गई है कि विद्युत बिल किसी भी क्षेत्र का हो उसको कहीं भी जमा करने की व्यवस्था कराएं। प्रायः देखा गया है कि बहुत से विद्युत स्टेशन पर बिल जमा करने वाले आनाकानी करते हैं जबकि ऑनलाइन बिल घर बैठे कहीं भी जमा कर सकते हैं। समिति ने मांग की है कि किसी भी क्षेत्र का बिल किसी भी विद्युत स्टेशन में जमा करने की व्यवस्था कराएं और साथ ही कार्यवाही से समिति को भी अवश्य अवगत कराए। ज्ञापन पर समिति के उपाध्यक्ष प्रभात डंडरियाल, प्रमुख महासचिव आरिफ वारसी, आंदोलनकारी प्रदीप कुकरेती, सुशील विरमानी, दानिश नूर, जय बिष्ट आदि ने हस्ताक्षर किए।

# राज्य के हर स्कूल में बजेगी वॉटर बेलः बर्द्धन

संवाददाता

देहरादून। मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने गर्मियों के मौसम को ध्यान में रखते हुए राज्य के हर स्कूल में वॉटर बेल बजाने के निर्देश दिये।



आज यहां मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने सभी विद्यालयों में नियमित अंतराल पर वॉटर बेल बजाने के निर्देश दिए हैं, ताकि प्रत्येक छात्र-छात्राएं गर्मियों के मौसम में नियमित अंतराल पर पानी पी सकें और डिहाइड्रेशन से बचाव सुनिश्चित हो। मुख्य सचिव ने बुधवार को ग्रीष्मकाल में हीटवेव की तैयारियों को लेकर शासन के उच्चाधिकारियों के साथ बैठक ली। उन्होंने विद्यालय के समय में आवश्यकतानुसार परिवर्तन करने, कक्षाओं में पर्याप्त वेंटिलेशन, ओआरएस एवं आवश्यक दवाओं का भंडारण किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को हीट वेव से बचाव सम्बन्ध ी व्यवहारिक जानकारी देना सुनिश्चित किया जाए। राज्य में बढ़ते तापमान एवं संभावित हीट वेव की स्थिति को देखते हुए सभी स्कूलों में विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखी जाए। साथ ही उन्होंने जिलाधिकारियों को गर्मियों के मौसम में जिन भी क्षेत्रों में पानी की किल्लत हो, वहां सभी निर्माण कार्यों पर अस्थायी रोक लगाए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बसों, स्टेशन, बाजार में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के भी निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि हीट वेव की चुनौती से निपटने के लिए राज्य से लेकर ग्राम स्तर तक सभी विभाग समन्वित एवं सक्रिय रूप से कार्य करें। प्रत्येक जनपद में हीट वेव एक्शन प्लान तैयार करते हुए संवेदनशील (हॉटस्पॉट) क्षेत्रों की पहचान की जाए तथा वहां विशेष निगरानी एवं राहत व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। इसके साथ ही 24x7 कंट्रोल रूम संचालित कर किसी भी आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया व्यवस्था सुदृढ़ रखी जाए। मुख्य सचिव ने हीटवेव के दौरान श्रमिकों एवं खुले में कार्य करने वाले लोगों की सुरक्षा पर विशेष बल देते हुए निर्देश दिए कि कार्य समय में आवश्यकतानुसार परिवर्तन किया जाए, विशेषकर दोपहर के समय भारी कार्य से बचा जाए। कार्यस्थलों पर छायादार विश्राम स्थल, आइस पैक, स्वच्छ पेयजल, ओआरएस तथा प्राथमिक उपचार की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। साथ ही श्रमिकों को हीट वेव से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक स्थानों पर अस्थायी आश्रय (कूलिंग स्पेस), पानी के प्याऊ/वॉटर कियोस्क स्थापित किए जाएं तथा जरूरतमंद लोगों तक पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। पार्कों को अधिक समय तक खोलने, गरीब एवं संवेदनशील वर्गों तक राहत पहुंचाने तथा पशुओं के लिए भी पानी एवं शेल्टर की समुचित व्यवस्था करने पर विशेष जोर दिया गया। इस अवसर पर सचिव दिलीप जावलकर, डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, सीसीएफ सुशांत कुमार पटनायक, डॉ. पराग मधुकर धकाते, सी. रविशंकर, विनोद कुमार सुमन एवं रणवीर सिंह चौहान सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं जनपदों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिलाधिकारी उपस्थित थे।

# तीन तमंचों व 65 हजार के गांजे सहित दो तस्कर गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

उधमसिंहनगर। ऑपरेशन प्रहार के तहत बड़ी कार्यवाही करते हुए पुलिस ने दो तस्करों को तीन तमंचे, दो कारतूस व 65 हजार रूपये से अधिक गांजे सहित गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी शातिर किस्म के अपराधी है जो पूर्व में भी जेल की हवा खा चुके है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने बताया कि बीती रात कोतवाली बाजपुर पुलिस द्वारा क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान लेवडा नदी तिराहे के पास दो संदिग्ध आते हुए दिखायी दिये। पुलिस ने जब उन्हे रूकने का इशारा किया तो वह सकपका कर भागने लगे। इस पर उन्हे घेर कर दबोचा गया।



तलाशी के दौरान उनके पास से 2.664 किलोग्राम गांजा, 3 तमंचे (315 बोर) व 2 जिन्दा कारतूस (315 बोर) बरामद हुए। जिनके नाम सेरान अन्सारी पुत्र मुरसलीन अहमद निवासी खताड़ी, ब्लाक रोड, नियर गुलशने ए हयात, थाना रामनगर, जिला नैनीताल व मौ. अबूजर पुत्र मौ. विलाल निवासी खताड़ी, मीट मार्केट, ब्लाक रोड, खताड़ी, थाना रामनगर, जिला नैनीताल बताये जा रहे है। पुलिस के अनुसार आरोपी मौ. अबूजर शातिर किस्म का बदमाश है जो पहले भी जेल की हवा खा चुका है। बहरहाल पुलिस ने उन्हे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।

# गुमशुदा 15 वर्षीय बालक को पुलिस ने हरिद्वार से किया बरामद

संवाददाता

देहरादून। ऑपरेशन स्माइल के तहत पुलिस ने गुमशुदा 15 वर्षीय बालक को हरिद्वार से सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंपा।



मिली जानकारी के अनुसार नजीबाबाद, जिला बिजनौर निवासी एक व्यक्ति द्वारा कोतवाली डोइवाला पर प्रार्थना पत्र दिया कि जौलीग्रान्ट क्षेत्र मे सैन चौकी के पास वह किराये के मकान मे परिवार सहित निवास करते है तथा उनका नाबलिग पुत्र उम्र-15 वर्ष बिना बताये घर से कहीं चला गया है, जिसे ढूंढने का काफी प्रयास किया गया, परन्तु उसका कहीं पता नही चला। प्रार्थना पत्र के आध र पर कोतवाली डोईवाला पर मुकदमा दर्ज किया गया। घटना की संवेदनशीलता के दृष्टिगत गुमशुदा की सकुशल बरामदगी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा कोतवाली डोइवाला पर गठित पुलिस टीम को आवश्यक निर्देश दिये गये। जिसके अनुपालन में पुलिस टीम द्वारा गुमशुदा के घर तथा उसके आसपास आने जाने वाले मार्गो पर लगे सीसीटीवी कैमरो को चैक कर आवश्यक जानकारियां एकत्रित की गयी। प्राप्त जानकारी के आधार पर सुरागरसी पतारसी करते हुए साथ ही गुमशुदा बालक की तलाश व बरामदगी हेतु विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म व अन्य माध्यम से भी व्यापक रूप से प्रचार प्रसार किया गया एवं टीम द्वारा आस-पास व सरहदीय जनपदो मे भी उक्त बालक की तलाश हेतु सम्पर्क स्थापित किया गया, पुलिस टीम द्वारा किये गये प्रयासो के फलस्वरूप आज उक्त बालक का हरिद्वार क्षेत्र मे देखे जाने की सूचना प्राप्त हुयी, जिस पर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए नाबालिक बालक को सकुशल बरामद कर परिजनो के सपुर्द किया गया। गुमशुदा नाबालिग को सकुशल वापस पाकर परिजनों द्वारा दून पुलिस की कार्यवाही की प्रशंसा करते हुए आभार प्रकट किया गया।

# फॉरेस्ट फायर के लिए हो प्रिडिक्शन मॉडल तैयार:बर्द्धन

संवाददाता

देहरादून। मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने कहा कि फॉरेस्ट फायर के लिए प्रिडिक्शन मॉडल तैयार किया जाये।



आज यहां मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने बुधवार को सचिवालय में वनाग्नि की रोकथाम को लेकर सम्बन्धित विभागों के साथ बैठक कर महत्त्वपूर्ण दिशानिर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वनाग्नि से सम्बन्धित सभी समितियों एवं स्टेकहोल्डर्स के साथ सभी आवश्यक बैठकें जनवरी माह तक अनिवार्य रूप से आयोजित कर सभी व्यवस्थाएं, फायर सीजन से पहले सुनिश्चित करवा ली जाएँ। उन्होंने प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर लगे फायर हाइड्रेंट्स के लिए डेडिकेटेड प्रेशर पाइपलाइन व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए पेयजल विभाग को शीघ्र प्रस्ताव तैयार किए जाने के निर्देश दिए गए।

मुख्य सचिव ने वन विभाग को ड्राइव चला कर सभी प्रकार के वनाग्नि की रोकथाम से सम्बन्धित व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर लिए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि वाहनों एवं उपकरणों का रखरखाव सुनिश्चित कर लिया जाए। उन्होंने प्रदेश के सभी लीसा डिपो में प्रोटोकॉल के अनुसार सुरक्षा व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने वन, मौसम एवं वन सर्वेक्षण संस्थान को फारेस्ट फायर के लिए भी आपदा की तर्ज पर प्रिडिक्शन मॉडल तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे फारेस्ट फायर की संभावनाओं का पहले से अनुमान लगाया जा सकेगा जिससे जानमाल के नुकसान को रोकने और कम करने में सहायता मिलेगी।

मुख्य सचिव ने जंगलों से पिरूल के निस्तारण और पिरुल ब्रिकेट के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रयास किए जाने पर जोड़ दिया। उन्होंने कहा कि पिरुल ब्रिकेट को ईंधन के विकल्प के तौर पर स्थापित करने के लिए प्रदेश में अधिक से अधिक यूनिट लगाए जाने पर जोर दिया जाए। उन्होंने कहा कि एक ओर वनाग्नि को रोकने में सहायता मिलेगी वहीं दूसरी ओर वैकल्पिक ईंधन की उपलब्धता बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि इससे स्वयं सहायता समूहों की आर्थिक को भी सुधारने में मदद मिलेगी साथ ही इसे कार्बन क्रेडिट से भी जोड़ा जा सकता है।

इस अवसर पर सचिव दिलीप जावलकर, डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, सीसीएफ सुशांत कुमार पटनायक, डॉ. पराग मधुकर धकाते, सी. रविशंकर, विनोद कुमार सुमन एवं रणवीर सिंह चौहान सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं जनपदों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिलाधिकारी उपस्थित थे।

# खाई में गिरने से स्कूटी चालक की मौत, स्कूटी सलामत!

हमारे संवाददाता

टिहरी। सड़क दुर्घटना के चलते एक स्कूटी चालक के खाई में गिर जाने से जहां मौके पर हीं मौत हो गयी वहीं उसकी स्कूटी सही सलामत बरामद हुई है। सूचना मिलने पर पुलिस व एसडीआरएफ टीम ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे लेकर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है।

सड़क दुर्घटना का यह मामला टिहरी के डैम क्षेत्र में सामने आया है। जहां एक स्कूटी चालक की खाई में गिरने से मौत हो गई जबकि मृतक व्यक्ति की स्कूटी सड़क किनारे सुरक्षित खड़ी मिली, बताया जा रहा है कि मृतक व्यक्ति का शव करीब 50 मीटर नीचे खाई में मृत अवस्था में पाया गया। घटना की सूचना पुलिस चौकी भागीरथीपुरम के माध्यम से एसडीआरएफ टीम को दी गई।



सूचना मिलते ही एसडीआरएफ मौके पर पहुंची और हादसे की स्थिति का जायजा लिया। घटनास्थल काफी ढलानदार और जोखिम भरा था, जिससे रेस्क्यू ऑपरेशन चुनौतीपूर्ण बन गया। एसडीआरएफ टीम ने कड़ी परेशानी का सामना कर सावधानी के साथ रस्सियों (रोप) की मदद से खाई में उतरकर चालक तक पहुंच बनाई। इसके बाद टीम ने शव को स्ट्रेचर में सुरक्षित कर रोप व स्ट्रेचर के जरिए ऊपर सड़क तक पहुंचाया और स्थानीय पुलिस को सौंप दिया। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान दिनेश सिंह (35), पुत्र गोविंद सिंह, निवासी नागनी, चंबा (टिहरी गढ़वाल) के रूप में हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# 66 लाख की स्मैक सहित एक गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

नैनीताल। कुमांऊ मंडल की वादियों में नशे का जहर घोल रहे एक शातिर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिसके पास से 66 लाख 30 हजार की 221 ग्राम स्मैक बरामद की गयी है। जानकारी के अनुसार बीती शाम कोतवाली हल्द्वानी व एसओजी ने नशा तस्करी की एक सूचना के बाद क्षेत्र में चैकिंग अभियान चलाया हुआ था। इस दौरान चौकी भोटिया पड़ाव क्षेत्र के अंतर्गत एक व्यक्ति को संदिग्ध प्रतीत होने पर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से भारी मात्रा में स्मैक व अन्य सामग्री बरामद की गयी। पूछताछ में उसने अपना नाम विजय सिंह नेगी (उम्र 35 वर्ष) पुत्र स्वर्गीय राम सिंह निवासी ग्राम बैड़ा, थाना द्वाराहाट, जिला अल्मोड़ा बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।



# महिला से दुष्कर्म का आरोपी दबोचा

हमारे संवाददाता

पिथौरागढ़। शादी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म करने वाले फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार बीती 1 मार्च को एक महिला द्वारा थाना बलुवाकोट में तहरीर देकर बताया गया कि यश वर्मा द्वारा उससे शादी का झूठा वादा कर उसका शारीरिक शोषण किया गया। तहरीर के आधार पर थाना बलुवाकोट में धारा 69 बीएनएस के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी। जांच के दौरान सामने आया कि पीड़िता को शादी का झांसा देकर लगभग एक वर्ष तक उसका शारीरिक शोषण किया तथा उसे पति से तलाक लेने के लिए भी मजबूर किया गया। जिस पर पुलिस ने आरोपी को बलुवाकोट क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया गया है। जिसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।



# लोक भवन देहरादून में मनाया गया हिमाचल प्रदेश का स्थापना दिवस

संवाददाता

देहरादून। लोक भवन में हिमाचल प्रदेश का स्थापना दिवस मनाया गया।

आज यहां लोक भवन में हिमाचल प्रदेश का स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में हिमाचल राज्य के देहरादून स्थित संस्थानों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने पारंपरिक वेशभूषा में मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जिसमें हिमाचल की समृद्ध लोक संस्कृति की झलक देखने को मिली। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.) ने कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए सभी उपस्थित जनों को हिमाचल प्रदेश स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने हिमाचल प्रदेश के गौरवशाली इतिहास और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की सराहना करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश और उत्तराखण्ड के बीच केवल भौगोलिक निकटता ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और प्राकृतिक स्तर पर भी गहरा और आत्मीय संबंध है। उन्होंने कहा कि दोनों ही राज्यों को 'देवभूमि' के रूप में जाना जाता है, जहां की पवित्रता, लोक परंपराएं, आस्था, सरल जीवनशैली और प्रकृति के प्रति सम्मान की भावना एक समान रूप से परिलक्षित होती है।



राज्यपाल ने कहा कि विभिन्न राज्यों के स्थापना दिवस का आयोजन केवल कार्यक्रम नहीं, बल्कि देश की विविधता को समझने और उसे आत्मसात करने का एक सशक्त माध्यम है। ऐसे आयोजन हमें एक-दूसरे की भाषा, वेशभूषा, खान-पान, लोक कला और परंपराओं को जानने का अवसर प्रदान करते हैं, जिससे राज्यों के बीच आपसी सद्भाव, संवाद और सांस्कृतिक समन्वय को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने कहा कि "एक भारत-श्रेष्ठ भारत" कार्यक्रम राष्ट्रीय एकता और अखंडता को मजबूत करने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस कार्यक्रम में सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन, अपर सचिव रीना जोशी, साई इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, देहरादून की उपाध्यक्ष रानी अरोरा, जनसंपर्क अधिकारी श्रुति अग्रवाल, कामिनी शर्मा, अर्चना कंडारी, आशा पाल एवं छात्र -छात्राएं उपस्थित रहे।

आर.एन.आई.- 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

**कानूनी सलाहकार:**
**वी के अरोड़ा,** *एडवोकेट*
**बैजनाथ,** *एडवोकेट*

**कार्यालय: दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**

**मो. 9358134808**

*नोट: सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*